# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - बाबूगढ़** **दिनांक 25.02.2025**

## “थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ई-रिक्शा व ई-रिक्शाओं की बैट्री चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश”

- **थाना बाबूगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र में घटित 02 चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 03 अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे/निशानदेही पर चोरी की एक ई-रिक्शा व ई-रिक्शाओं की 08 बैट्री एवं घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की ई-रिक्शा बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण शादियों में लेबर का काम करते थे, जो मौके पाकर मंडप के बाहर व सुनसान क्षेत्र में चिन्हित ई-रिक्शा व उनकी बैट्रियों को चोरी करने की घटना कारित करते थे।**

**कार्यवाही:-**




हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.02.2025 को थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 06/25 व मु0अ0सं0 46/25 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 03 अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को नया हाईवे बछलौता व अल्लीपुर नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे/निशानदेही पर चोरी की ई-रिक्शा व ई-रिक्शाओं की 08 बैट्री एवं घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की ई-रिक्शा बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1- जान मौहम्मद पुत्र शमशुद्दीन निवासी मौहल्ला पीर बाऊद्दीन शिवदयालपुरा बुलन्दशहर रोड थाना हापुड़ जनपद हापुड ।

2- सोहेल मौहम्मद पुत्र स्व0 मुख्तियार निवासी मौहल्ला पीर बाऊद्दीन शिवदयालपुरा बुलन्दशहर रोड थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।

3- फरमान पुत्र शमशुद्दीन निवासी मौहल्ला पीर बाऊद्दीन शिवदयालपुरा बुलन्दशहर रोड थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड ।

## बरामदगी का विवरणः-

1. चोरी की ई-रिक्शा रजि0न0 यूपी 37 एटी 1437 सम्बन्धित मु0अ0सं0 46/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बाबूगढ जनपद हापुड ।

2. ई-रिक्शा की 08 बैट्री सम्बन्धित मु0अ0सं0 06/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बाबूगढ जनपद हापुड ।

3. घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की ई-रिक्शा ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री राहुल कुमार थाना बाबूगढ जनपद हापुड ।
2. उ0नि0 श्री शिवशंकर थाना बाबूगढ जनपद हापुड ।
3. उ0नि0 श्री पवन यादव थाना बाबूगढ जनपद हापुड ।
4. म0उ0नि0 सात्वना गौतम थाना बाबूगढ जनपद हापुड ।
5. का0 951 रविन्द्र कुमार थाना बाबूगढ जनपद हापुड ।